महिला विद्यालल डिग्री कॉलेज, सतीकुण्ड, कनखल, हरिद्वार
महाविद्यालय से सम्बन्धित फीडबैक फॉर्म (43)
शैक्षणिक सत्र (वर्ष) 2019–20

1– मूलभूत संरचनात्मक व्यवस्था सम्बन्धित प्रश्न

1. क्या महाविद्यालय में कक्षाओं में बैठनें की उचित व्यवस्था है?
   (1) हाँ – 42 (2) नहीं – 1
2. क्या आपकी कक्षाओं में हवा व प्रकाश सम्बन्धी उचित व्यवस्था है?
   (1) हाँ – 42 (2) नहीं – 1
3. क्या आपकी प्रत्येक कक्षाओं में व्हाइटबोर्ड/ब्लैकबोर्ड की उचित व्यवस्था है?
   (1) हाँ – 43 (2) नहीं – 0
4. क्या आपकी कक्षाओं का संचालन प्रतिदिन समय से होता है?
   (1) हाँ – 43 (2) नहीं – 0
5. क्या शिक्षकाऐं आपकी कक्षाओं में समय से उपस्थित होती है?
   (1) हाँ – 43 (2) नहीं – 0
6. क्या आप अपने विषय की शिक्षिका के पढ़ाने के तरीको से संस्तुष्ट हैं?
   (1) हाँ – 43 (2) नहीं – 0
7. क्या समय–समय पर आपकी शिक्षिकाऐं आपको अच्छे भविष्य के लिए निर्देशित करती हैं?
   (1) हाँ – 43 (2) नहीं – 0

2–पुस्तकालय सम्बन्धित प्रश्न

1. क्या आप महाविद्यालय में उपलब्ध लाईब्रेरी व्यवस्था से संतुष्ट हैं?
   (1) हाँ – 43 (2) नहीं – 0
2. क्या लाईब्रेरी से आपको समय–समय पर आपके विषय से सम्बन्धित पुस्तके प्राप्त होती हैं?
   (1) हाँ – 42 (2) नहीं – 1
3. क्या लाईब्रेरी में कम्प्यूटर सुविधा उपलब्ध हैं?
   (1) हाँ – 42 (2) नहीं – 1
4. क्या आपकी लाईब्रेरी में बैठकर पढ़ने की व्यवस्था हैं?
   (1) हाँ – 43 (2) नहीं – 0
5. क्या आपकी लाईब्रेरी में 'इण्टरनेट' की सुविधा हैं?
   (1) हाँ – 43 (2) नहीं – 0

3– सुरक्षा एवं अनुशासन सम्बन्धित प्रश्न

1. क्या आप महविद्यालय परिसर में सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्था से संतुष्ट हैं?
   (1) हाँ – 43 (2) नहीं – 0

2. क्या महाविद्यालय में आपके द्वारा अथवा आपके साथ रैंगिग का कोई प्रकरण तो नही हुआ?
   (1) हाँ – 0 (2) नहीं – 43

3. क्या महाविद्यालय द्वारा छात्राओं की शिकायतों का निवारण किया जाता हैं?
   (1) हाँ – 42 (2) नहीं – 1

4. क्या महाविद्यालय द्वारा स्वास्थ्य व सुरक्षा सम्बन्धी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं?
   (1) हाँ – 43 (2) नहीं – 0

5. क्या महाविद्यालय परिसर में खाली समय में बैठने की सुविधा से संतुष्ट हैं?
   (1) हाँ – 39 (2) नहीं – 4

6. क्या महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास के लिए प्रोत्साहन किया जाता हैं?
   (1) हाँ – 42 (2) नहीं – 1

7. क्या महाविद्यालय द्वारा व्यक्तित्व विकास से सम्बन्धित सार्वजनिक मंच प्रदान किया जाता हैं?
   (1) हाँ – 42 (2) नहीं – 1

4– स्वच्छता सम्बन्धित प्रश्न

1. क्या आप महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं से संतुष्ट हैं?
   (1) हाँ – 42 (2) नहीं – 1

2. क्या आप महाविद्यालय के परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था से संतुष्ट हैं?
   (1) हाँ – 41 (2) नहीं – 2

3. क्या आप महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध पीने के पानी की व्यवस्था से संतुष्ट हैं?
   (1) हाँ – 39 (2) नहीं – 4

4. क्या महाविद्यालय में शौचालय की सुविधाऐं अनुकूल हैं?
   (1) हाँ – 40 (2) नहीं – 3

5. क्या महाविद्यालय में उपलब्ध शौचालय व्यवस्था की साफ–सफाई से संतुष्ट हैं?
   (1) हाँ – 39 (2) नहीं – 4

6. क्या आप महाविद्यालय परिसर में स्थित कैण्टीन की जलपान व्यवस्था से संतुष्ट हैं?
   (1) हाँ – 39 (2) नहीं – 4

कृपया महाविद्यालय से सम्बन्धित अपने सुझाव संक्षिप्त में दें।

महिला विद्यालल डिग्री कॉलेज, सतीकुण्ड, कनखल, हरिद्वार

सत्र 2019-20 फीडबैक रिपोर्ट

सत्र 2019-20 में छात्राओं से फीडबैक फॉर्म भरवाये गये। फीडबैक फॉर्म भरने वाली कुल छात्राओं की संख्या 43 थी। फीडबैक फॉर्म में प्रश्नों को चार भागों में विभक्त किया गया। प्रथम भाग में मूलभूत संरचनात्मक व्यवस्था से सम्बन्धित प्रश्नों का वर्णन है, द्वितीय भाग में पुस्तकालय सम्बन्धित प्रश्न वर्णित है, तृतीय भाग में सुरक्षा एवं अनुशासन सम्बन्धित प्रश्नों का वर्णन है चतुर्थ भाग में स्वच्छता सम्बन्धित प्रश्न वर्णित है।

प्रथम भाग में मूलभूत संरचनात्मक व्यवस्था से सम्बन्धित प्रश्नों में 42 छात्राओं का कक्षा में बैठने की व्यवस्था के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पाया गया। कक्षा में हवा एवं प्रकाश सम्बन्धी व्यवस्था के प्रति 42 छात्राओं का दृष्टिकोण सकारात्मक रहा। कक्षा में व्हाईट बोर्ड की उचित व्यवस्था के प्रति 43 छात्राओं का दृष्टिकोण सकारात्मक रहा। कक्षाओं के प्रतिदिन समय से संचालन के प्रति 43 छात्रायें संतुष्ट रही। शिक्षिकओं की कक्षा में समय से उपस्थिति के प्रति 43 छात्रायें संतुष्ट रही। विषय को शिक्षिकाओं के पढ़ाने के तरीके से भी 43 छात्रायें संतुष्ट रही। समय-समय पर छात्राओं को शिक्षिकाओं द्वारा अच्छे भविष्य के लिए निर्देशित करने से भी 43 छात्रायें संतुष्ट रही।

द्वितीय भाग में पुस्तकालय से सम्बन्धित प्रश्नों में 43 छात्राओं ने महाविद्यालय में उपलब्ध पुस्तकालय व्यवस्था के प्रति संतोषजनक दृष्टिकोण पाया गया। अपने विषय के सम्बन्ध पुस्तकें प्राप्त करने के प्रति 42 छात्राओं ने सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया। 42 छात्राओं ने पुस्तकालय में कम्प्यूटर व्यवस्था की उपलब्धता पर सहमति व्यक्त की। पुस्तकालय में बैठकर पढ़ने की व्यवस्था के सम्बन्ध में 43 छात्राओं ने सकारात्मक उत्तर दिया। 43 छात्राओं ने पुस्तकालय में इण्टरनेट की सुविधा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया।

तृतीय भाग में सुरक्षा एवं अनुशासन सम्बन्धित प्रश्नों में 43 छात्राओं का महाविद्यालय परिसर में सुरक्षा के सम्बन्ध में सकारात्मक दृष्टिकोण पाया गया। महाविद्यालय में रैगिंग के सम्बन्ध में 43 छात्राओं ने नकारात्मक उत्तर दिया। 42 छात्राओं का मानना है कि महाविद्यालय में उनकी शिकायतों का निवारण किया जाता है स्वास्थ्य व सुरक्षा के सम्बन्ध में 43 छात्राओं ने संतोषजनक दृष्टिकोणव्यक्त किया। 39 छात्राओं ने इस तथ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया कि महाविद्यालय में उनके बैठने की (खाली समय में) उचित व्यवस्था है। व्यक्तित्व विकास से सम्बन्धित सार्वजनिक मंच प्रदान करता है।

चतुर्थ भाग में स्वच्छता सम्बन्धित प्रश्नों में 42 छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध स्वच्छता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया। 41 छात्राओं का मानना है कि महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की उपयुकत व्यवस्था है।

39 छात्रायें महाविद्यालय में पानी पीने की व्यवस्था के प्रति संतुष्ट पायी गयी। 40 छात्राओं का मानना है कि महाविद्यालय में शौचालय की सुविधा उनके अनुकूल है। शैचालय व्यवस्था की साफ-सफाई के प्रति 39 छात्रायें संतुष्ट पायी गयी। कैण्टीन में जलपान व्यवस्था के सम्बन्ध में 39 छात्राओं ने संतोषजनक दृष्टिकोण व्यक्त किया।

फीडबैक फॉर्म के अन्त में छात्राओं से सुझाव मांगे गये, जिसमें छात्राओं ने उपयुक्त सुझाव व्यक्त किये।